अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , सोमवार, 20 अप्रैल 2026

PAGE NO : IV BOTTOM

गीतों से दी आशा भोसले को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रिद्म एंड बीट्स कार्यक्रम में मौजूद कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचारः एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को इंस्ट्रूमेंट कार्यक्रम रिद्म एंड बीट्स के जरिये आशा भोसले को याद किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंदर (परकसन), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), दीपकांत जौहरी (तबला), डैरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), अमर नाथ (तबला) और रॉनी फिलिप्स (सेक्सोफोन) ने किया। एमडीयू रोहतक के डा.सुरेंद्र रावत ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने वाद्ययंत्र के विद्यार्थियों डा.नम्रता सिंह, विवान अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गुरमान सिंह, स्वास्ति अग्रवाल, प्रभाव अग्रवाल, मन्तिका अरोरा, मनन अग्रवाल, आयांश अग्रवाल, अतिशय गोयल और श्रेया प्रभजोत के साथ अलबेला सजन आयो रे पर फ्यूजन प्रस्तुत किया। संचालन अरुणा गंगवार ने किया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा व अन्य मौजूद रहे।